देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 341 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...मौका भी दस्तूर भी



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 27 फरवरी 2020



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 12.0° | 39888.96 | 2 नवाज शरीफ को भगोड़ा घोषित किया | 7 विराट कोहली पहले स्थान से खिसके

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी ने की शांति बनाए रखने की अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली में संशोधित नागरिकता कानून की आड़ में उपद्रवियों द्वारा भड़काई गई हिंसा के बाद हालात को सामान्य बनाने के लिए चौतरफा कोशिशें की जा रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा है कि दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में हालात को लेकर व्यापक समीक्षा की गई है। पुलिस और दूसरी एजेंसियां शांति और हालात को सामान्य बनाने को लेकर जमीन पर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से शांति और सद्भाव बनाने की अपील की है।

### पत्नी और बेटे के साथ आजम खां को भेजा गया जेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रामपुर। समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खां, उनकी पत्नी शहर विधायक डॉक्टर तजीन फात्मा और विधायक बेटे अब्दुल्ला आजम को अदालत ने दो मार्च तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है। फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने के मामले में गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद बुधवार को आजम खान ने पत्नी और बेटे के साथ कोर्ट में सरेंडर किया था। जहां कोर्ट ने तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने का आदेश दिया। इस मामले में अगली सुनवाई दो मार्च को होगी।

### हिंसा प्रभावित दिल्ली में सीबीएसई ने परीक्षा स्थगित की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली में जारी हिंसा के बीच सीबीएसई ने उत्तर–पूर्वी दिल्ली में 27 फरवरी को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी है। हालांकि पूरी दिल्ली में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उत्तर–पूर्वी दिल्ली के प्रभावित छात्रों के लिए स्थगित परीक्षा कब होगी, इसका ऐलान जल्द किया जाएगा। सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने कहा, बोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उत्तर पूर्व के हिस्से में कल होने वाली 12 वीं की अंग्रेजी की परीक्षा को स्थगित करने का फैसला किया है।

# हिंसा पर दिल्ली हाईकोर्ट सख्त

## बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर, कपिल मिश्रा और परवेश वर्मा के खिलाफ एफआईआर के आदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में हुए उपद्रव पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया है। हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को आदेश दिया है कि वह भड़काऊ भाषण देने के आरोप में बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर, कपिल मिश्रा और परवेश वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। यहां आपको बता दें कि अनुराग ठाकुर केंद्रीय मंत्री हैं, परवेश वर्मा पश्चिमी दिल्ली से बीजेपी सांसद हैं। वहीं कपिल मिश्रा इस बार बीजेपी के टिकट पर विधायकी का चुनाव लड़े थे, हालांकि वे हार गए थे। हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि इन नेताओं के खिलाफ पहले क्यों नहीं कार्रवाई की गई। कोर्ट ने कहा कि इस बार वे दिल्ली में 1984 के दंगे जैसे हालात नहीं बनने देंगे।

■सुप्रीम कोर्ट ने शाहीन बाग मामले की सुनवाई 23 मार्च तक टाली

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वे पुलिस आयुक्त को बीजेपी के तीन नेताओं द्वारा सीएए हिंसा के सिलसिले में कथित तौर पर नफरत फैलाने वाले भाषण देने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने की सलाह दें।

न्यायमूर्ति एस. मुरलीधर और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ संशोधित नागरिकता कानून को लेकर उत्तरपूर्वी दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में भड़की सांप्रदायिक हिंसा में शामिल लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने और उन्हें गिरफ्तार करने की मांग करने वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने कहा कि बाहर के हालात बहुत ही खराब हैं। हाईकोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) राजेश देव से पूछा कि क्या उन्होंने बीजेपी नेता कपिल मिश्रा के कथित तौर पर नफरत फैलाने वाले भाषण का वीडियो क्लिप देखा है। मेहता ने दोहराया कि वह टेलीविजन नहीं देखते हैं और वे क्लिप उन्होंने नहीं देखीं हैं।

देव ने कहा कि उन्होंने बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के वीडियो देखे हैं लेकिन मिश्रा का वीडियो नहीं देखा है।

पुलिस अधिकारी के बयान पर न्यायमूर्ति मुरलीधर ने टिप्पणी की, 'दिल्ली पुलिस की दशा पर मुझे वाकई में हैरानी है।'



### अभी सुनवाई के लिए सही समय नहीं है

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट शाहीन बाग से नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ धरने पर बैठे लोगों को हटाने वाली याचिका पर आज कहा कि अभी इसकी सुनवाई का उपयुक्त समय नहीं है। कोर्ट ने कोई अंतरिम आदेश जारी किए बिना अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तारीख तय कर की। कोर्ट ने दिल्ली हिंसा पर पुलिस को सही समय पर कार्रवाई नहीं करने के लिए कड़ी फटकार भी लगाई और उसे ब्रिटिश पुलिस की तरह काम करने की सलाह दे डाली। बता दें कि शाहीन बाग में दो महीने से ज्यादा वक्त से बंद पड़े सड़क को खोलने के लिए दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। दिल्ली हिंसा पर टिप्पणी करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट सुनवाई करेगा।

# कांग्रेस ने गृहमंत्री और सीएम केजरीवाल से पूछे 5 सवाल

## दिल्ली हिंसा पर सियासत शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली हिंसा पर अब सियासत भी शुरू हो गई है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र की बीजेपी सरकार और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए 5 सवाल पूछे। उन्होंने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर भी सवाल दागा और पूछा कि वह क्या कर रहे थे? सोनिया ने गृह मंत्री से इस्तीफा भी मांग लिया।

दिल्ली हिंसा पर पिछले दिनों बिगड़ी स्थिति के बाद बुधवार को कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा– इन हादसों के पीछे एक सोचा समझा षड़यंत्र है, जिसे दिल्ली चुनाव के दौरान भी देखा गया। भाजपा नेता डर और नफरत फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। सोनिया गांधी ने केंद्र और दिल्ली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा– केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार द्वारा कोई कार्रवाई ना करने की वजह से 22 से अधिक लोग मारे गए। कांग्रेस की ये समिति सब परिवारों के साथ अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खोया है। कांग्रेस समिति का मानना है कि दिल्ली में मौजूदा स्थिति के लिए केंद्र सरकार खासतौर पर गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

**कार्यकर्ताओं से लोगों की मदद करने की अपील**

कांग्रेस ने दिल्लीवासियों से अपील की है कि वह हेट पॉलिटिक्स को रिजेक्ट करें। दिल्ली ने जो खो दिया है, उसे दोबारा बनाने में मदद करें। साथ ही सोनिया गांधी ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का भी आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस अपने सभी कार्यकर्ताओं से अपील करती है कि वह प्रभावित इलाकों में जाएं और जितना भी मुमकिन हो सके प्रभावित लोगों की मदद करें।

**कांग्रेस ने पूछे ये 5 सवाल**

1.पिछले रविवार से देश के गृह मंत्री कहां थे और क्या कर रहे थे?
2.रविवार से दिल्ली के मुख्यमंत्री कहां थे और क्या कर रहे थे?
3.दिल्ली चुनाव के बाद इंटेलिजेंस एजेंसी के द्वारा क्या जानकारी दी गई और उन पर क्या कार्रवाई हुई?
4.रविवार की रात से कितनी पुलिस फोर्स दंगों वाले इलाकों में लगाई गई, जबकि ये साफ था कि दंगे और ज्यादा फैलने वाले हैं?
5.मुख्यमंत्री को प्रभावित इलाकों में जाकर लोगों से बात करनी चाहिए थी। ऐसा क्यों नहीं हुआ?

# दिल्ली के हालात संभालने उतरे एनएसए अजीत डोभाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध और समर्थन के नाम पर देश की राजधानी दिल्ली में शुरू हुआ उपद्रव अब शांत होता दिख रहा है। मंगलवार से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस उपद्रव को शांत कराने के लिए हरसंभव कोशिश में जुट गए थे। इसके बाद मंगलवार देर शाम को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से कहा गया कि वह देश की राजधानी में कानून–व्यवस्था को सामान्य करने के लिए कार्य करें। आदेश मिलते ही अजीत डोभाल आज दिल्ली की गलियों में घूम–घूमकर लोगों से मिले।

**पीएम मोदी ने डोभाल को मैदान में भेजा:** दरअसल, उपद्रव के बाद नॉर्थ–ईस्ट दिल्ली की आई तस्वीरों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी आहत हैं। पीएम मोदी ने ट्वीट कर दुख जताया है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को दंगा प्रभावित उत्तर पूर्वी दिल्ली में हालात सामान्य बनाने के निर्देश दिए हैं।

### कोशिश



**लोगों से बोले डोभाल, घबराने की जरूरत नहीं**

एनएसए डोभाल हिंसाग्रस्त इलाके की गलियों में घूमते हुए देखे गए। उन्होंने मौजपुर, जाफराबाद, चांदबाग के इलाकों का दौरा किया। यहां वह लोगों से पूछते दिखे कि उन्हें क्या परेशानी है। इस दौरान मीडिया से बातचीत में डोभाल ने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है। स्थानीय लोग पुलिस के काम से संतुष्ट हैं।

उन्होंने जाफराबाद और सीलमपुर सहित उत्तर–पूर्वी दिल्ली के प्रभावित इलाकों का दौरा किया। वहां पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की और जरूरी निर्देश दिए।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# हिंसा में हिंदू और मुसलमान दोनों का नुकसान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के उत्तर–पूर्वी इलाके में तीन दिनों तक हुई भारी हिंसा पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि यह दंगा दिल्लीवासियों ने नहीं बल्कि बाहरी और कुछ राजनीतिक लोगों ने फैलाया, जो नफरत की राजनीति करना चाहते हैं। आज दिल्ली विधानसभा में सीएम ने कहा कि इस हिंसा से सबसे ज्यादा नुकसान दिल्लीवालों का हुआ है और इसलिए उन्हें हिंसा नहीं दिल्लीवासियों ने विकास को चुनना चाहिए। विधानसभा में चर्चा के दौरान उन्होंने हिंसा में शहीद हुए हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद देने और एक सदस्य को नौकरी देने का ऐलान किया। सीएम ने कहा, दिल्ली के लोगों को अमन चौन पसंद है। यहां दशकों से सभी धर्म व जाति के लोग भाईचारे के साथ रह रहे हैं। हमें दंगे फसाद नहीं चाहिए। हमें दिल्ली को सुंदर बनाना है। केजरीवाल ने आगे कहा, ये हिंसा दिल्ली के आम लोगों ने नहीं की। ये कुछ बाहरी, राजनीतिक, उपद्रवी और असामाजिक तत्वों ने किया।

**रतन लाल के परिवार को 1 करोड़ देने का ऐलान**